Findings of the Institute of Reservoir Studies of NGC

1576. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI RAM CHANDRA VIKAL:
SHRI B. SATYANARAYAN REDDY:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the findings of the Institute of Reservoir Studies of the ONGC to the effect that delay in scheduled internal water injection have caused decline in oil production at Bombay High North Oil field and also caused a sharp rise in the number of high Gas Oil Ratio (GOR) and sick wells;

(b) if so, what is Government's reaction thereto;

(c) what corrective steps Government are taking in this regard; and

(d) what are the reasons for not implementing the scheme of water injection so far?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) Yes Sir.

(b) to (d) The matter is being examined.

दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान के संचालन की कार्य-कुशलता

1577. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान 1980 से नियमित कर्मचारी नियुक्ति नहीं कर रहा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि गत वर्षों में दिल्ली की आबादी बढने के कारण बिजली के नये कनेक्शन भी दिये गये हैं और इसके परिणामस्वरूप विद्युत की आपूर्ति में भी वृद्धि हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो संस्थान की संचालन संबंधी कार्यकुशलता को बनाये रखने के लिए क्या उपाय किये गये हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) जी, नहीं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान द्वारा अपनी प्रचालनात्मक दक्षता को बरकरार रखने हेतु किए गए उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ ये शामिल है ; विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना, पारेषण और वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करना, स्टाफ में उपयुक्त वृद्धि करना, तकनीकी तथा मानवीय निवेशों में सुधार करना एवं संस्थान के प्रचालन संबंधी कार्यकलापों में कम्प्यूटर का प्रयोग किया जाना, इन्द्रप्रस्थ विद्युत केन्द्र में नवीकरण तथा आधुनिकीकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन करना, उपभोक्ताओं की विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त जिलों की स्थापना करना, केन्द्रीय प्रणाली नियंत्रण केन्द्र के अतिरिक्त पांच सर्किल नियंत्रण केन्द्र स्थापित करना, ब्रेकडाउन वैन तथा सर्किल नियंत्रण केन्द्रों में वायरलैस सैट की व्यवस्था करना ।

उपहार में दिए गए गैस के चूल्हें के लिए रसीद प्रस्तुत करने के लिए मजबूर किया जाना

1578. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि घरेलू गैस के वितरक आई एस आई मार्क उस गैस के चूल्हे की रसीद प्रस्तुत करने के लिए ग्राहकों को मजबूर करते हैं जो कि उन्हें उपहार में प्राप्त हुआ था ;